भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

लोक सभा

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 5206**

(दिनांक 24.07.2019 को उत्तर के लिए)

**विभिन्न विभागों में आरक्षित रिक्तियों को भरना**

**5206. श्री कौशल किशोर :**
**श्री उपेन्द्र सिंह रावत :**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईक :**
**श्री विनोद कुमार सोनकर :**
**डॉ. सुकान्त मजूमदार :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आज तक सरकारी उद्यमों, सरकारी विभागों और स्वायत्त संस्थाओं में अनुसूचित जातियों (अजा), अनुसूचित जनजातियों (अजजा) और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) की कितनी बैकलॉग रिक्तियां हैं;

(ख) वे रिक्तियां मंत्रालय और पद-वार कब से रिक्त पड़ी हैं और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार विभिन्न मंत्रालयों और स्वायत्त संस्थाओं में विभिन्न अजा/अजजा तथा सामान्य वर्ग के पदों पर समूह 'ग' के अंतर्गत संविदा के आधार पर एसएससी के द्वारा उम्मीदवारों को नियुक्त कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) मंत्रालयों और स्वायत्त संस्थानों में अजा/अजजा/ओबीसी की बैकलॉग रिक्तियों के विभिन्न पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है;

(ड.) क्या सरकार ने एक विशेष भर्ती अभियान के द्वारा बैकलॉग रिक्तियों को भरने का कोई निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस अभियान को कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है;

(च) क्या सरकार को विभिन्न सरकारी विभागों में बैकलॉग रिक्तियों को भरने के उल्लंघन सहित कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं: और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की जा रही है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) और (ख) :** कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग केंद्र सरकार के 90% से ज्यादा कर्मचारियों को नियोजित करने वाले दस मंत्रालयों/विभागों के माध्यम से अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की आरक्षित बैकलॉग रिक्तियों के भरे जाने की प्रगति की निगरानी करता है।

दिनांक 01.01.2017 तक की स्थिति के अनुसार दस मंत्रालयों/विभागों तथा दिनांक 01.01.2018 तक की स्थिति के अनुसार पांच मंत्रालयों/विभागों की बैकलॉग आरक्षित रिक्तियों के श्रेणी - वार ब्योरों का विवरण संलग्नक I एवं II में दिया गया है।

**(ग) :** जी, नहीं।

**(घ) एवं (ड.) :** बैकलॉग आरक्षित रिक्तियों सहित रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। तथापि, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने सभी मंत्रालयों/विभागों को पहले ही अनुदेश जारी कर दिए हैं कि वे बैकलॉग आरक्षित रिक्तियों की पहचान करने, बैकलॉग आरक्षित रिक्तियों के मूल कारण का अध्ययन करने; ऐसे कारकों को दूर करने के उपाय शुरू करने और विशेष भर्ती अभियान द्वारा इन रिक्तियों को भरने के लिए एक आंतरिक समिति गठित करें।

**(च) एवं (छ) :** सरकार के विभिन्न विभागों में बैकलॉग आरक्षित रिक्तियों को न भरने के संबंध में जब भी शिकायतें/संदर्भ प्राप्त होते हैं तो उन्हें समुचित कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाता है।

**संलग्नक -I**

**विभिन्न विभागों में आरक्षित रिक्तियों को भरने के संबंध में दिनांक 24.07.2019 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5206 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विनिर्दिष्ट संलग्नक**

**बैकलॉग रिक्तियों (दिनांक 31.12.2016 तक की स्थिति के अनुसार), भरी गई रिक्तियों (दिनांक 31.12.2016 तक की स्थिति के अनुसार) तथा भरे जाने के लिए शेष रिक्तियों (दिनांक 01.01.2017 तक की स्थिति के अनुसार) का श्रेणी-वार विवरण**

| **मंत्रालय/विभाग** | **अ.जा.** | | | **अ.ज.जा.** | | | **अ.पि.व.** | | | **कुल (अ.जा.+ अ.ज.जा.+ अ.पि.व.)** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **रिक्तियां** | **भरी जा चुकी रिक्तियां** | **भरे जाने के लिए शेष रिक्तियां** | **रिक्तियां** | **भरी जा चुकी रिक्तियां** | **भरे जाने के लिए शेष रिक्तियां** | **रिक्तियां** | **भरी जा चुकी रिक्तियां** | **भरे जाने के लिए शेष रिक्तियां** | **रिक्तियां** | **भरी जा चुकी रिक्तियां** | **भरे जाने के लिए शेष रिक्तियां** |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
| डाक | 673 | 372 | 301 | 717 | 257 | 460 | 718 | 234 | 484 | 2108 | 863 | 1245 |
| रक्षा उत्पादन | 1014 | 1013 | 1 | 1597 | 1579 | 18 | 164 | 149 | 15 | 2775 | 2741 | 34 |
| वित्तीय सेवाएँ | 9528 | 8598 | 930 | 6456 | 5391 | 1065 | 14455 | 13030 | 1425 | 30439 | 27019 | 3420 |
| परमाणु ऊर्जा | 292 | 195 | 97 | 398 | 191 | 207 | 1444 | 802 | 642 | 2134 | 1188 | 946 |
| रक्षा | 703 | 304 | 399 | 893 | 527 | 366 | 2707 | 1439 | 1268 | 4303 | 2270 | 2033 |
| रेलवे | 2194 | 2049 | 145 | 4266 | 3942 | 324 | 2204 | 2194 | 10 | 8664 | 8185 | 479 |
| राजस्व | 3631 | 1220 | 2411 | 2226 | 585 | 1641 | 5064 | 2076 | 2988 | 10921 | 3881 | 7040 |
| आवासन एवं शहरी कार्य | 226 | 75 | 151 | 257 | 82 | 175 | 692 | 95 | 597 | 1175 | 252 | 923 |
| मानव संसाधन विकास | 926 | 336 | 590 | 614 | 145 | 469 | 1557 | 571 | 986 | 3097 | 1052 | 2045 |
| गृह | 10011 | 6813 | 3198 | 5405 | 3175 | 2230 | 11557 | 6437 | 5120 | 26973 | 16425 | 10548 |
| **कुल** | **29198** | **20975** | **8223** | **22829** | **15874** | **6955** | **40562** | **27027** | **13535** | **92589** | **63876** | **28713** |

**संलग्नक -II**

**विभिन्न विभागों में आरक्षित रिक्तियों को भरने के संबंध में दिनांक 24.07.2019 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5206 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विनिर्दिष्ट संलग्नक**

**बैकलॉग रिक्तियों (दिनांक 31.12.2017 तक की स्थिति के अनुसार), भरी गई रिक्तियों (दिनांक 31.12.2017 तक की स्थिति के अनुसार) तथा भरे जाने के लिए शेष रिक्तियों (दिनांक 01.01.2018 तक की स्थिति के अनुसार) का श्रेणी-वार विवरण**

| **मंत्रालय/विभाग** | **अ.जा.** | | | **अ.ज.जा.** | | | **अ.पि.व.** | | | **कुल (अ.जा.+ अ.ज.जा.+ अ.पि.व.)** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **रिक्तियां** | **भरी जा चुकी रिक्तियां** | **भरे जाने के लिए शेष रिक्तियां** | **रिक्तियां** | **भरी जा चुकी रिक्तियां** | **भरे जाने के लिए शेष रिक्तियां** | **रिक्तियां** | **भरी जा चुकी रिक्तियां** | **भरे जाने के लिए शेष रिक्तियां** | **रिक्तियां** | **भरी जा चुकी रिक्तियां** | **भरे जाने के लिए शेष रिक्तियां** |
| डाक | 353 | 129 | 224 | 218 | 37 | 181 | 305 | 109 | 196 | 876 | 275 | 601 |
| रक्षा उत्पादन | 4889 | 3560 | 1329 | 4086 | 2428 | 1658 | 2812 | 2408 | 404 | 11787 | 8396 | 3391 |
| वित्तीय सेवाएँ | 1790 | 559 | 1231 | 1923 | 815 | 1108 | 1987 | 707 | 1280 | 5700 | 2081 | 3619 |
| परमाणु ऊर्जा | 292 | 209 | 83 | 398 | 239 | 159 | 1444 | 933 | 511 | 2134 | 1381 | 753 |
| आवासन एवं शहरी कार्य | 208 | 57 | 151 | 262 | 76 | 186 | 5m32 | 68 | 464 | 1002 | 201 | 801 |
| **कुल** | **7532** | **4514** | **3018** | **6887** | **3595** | **3292** | **7080** | **4225** | **2855** | **21499** | **12334** | **9165** |

*****